तापमान
अधिकतम 32 .0 डिग्री
न्यूनतम 14 .4 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार 5 नवंबर 2026



खबर संक्षेप

सोलर पैनल बेचने का झांसा देकर 69.67 लाख ठगे

यमुनानगर। महाराष्ट्र की एक कंपनी के छह लोगों ने एक व्यक्ति को सोलर पैनल का सामान बेचने का झांसा देकर 69 लाख 67 हजार 673 रुपये ठग लिए। पुलिस ने कंपनी के छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक शहर की सावनपुरी निवासी सोहन लाल गोयल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कुछ समय पहले सोलर पैनल का सामान खरीदना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात महाराष्ट्र की एक कंपनी के लोगों महेश कुमार, राम्या, आयुष, विकास, हर्षिता सिंह व विनीता से हुई। आरोपियों ने उसे सोलर पैनल का सामान बेचने का झांसा दिया। उस समय वह आरोपियों के झांसे में आ गया और उन द्वारा बताए बैंक खाते में 69 लाख 67 हजार 673 रुपये ट्रांसफ़र कर दिए।

सोने की बाली झपटकर भागे दो आरोपी पकड़े

करनाल। घरौंडा बस स्टैंड के नजदीक महिला के कान से सोने की बाली झपटने के मामले में सीआईए-1 करनाल की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीनी गई सोने की बाली और वारदात में इस्तेमाल काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस अधीक्षक करन गोयल, आईपीएस के निर्देश पर निरीक्षक संदीप सिंह के नेतृत्व में सहायक मुख्य सिपाही अमित कुमार की टीम ने यह कार्रवाई की। जांच अधिकारी के अनुसार 30 अक्टूबर को दोपहर के समय एक महिला दवाई लेकर घर लौट रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर पीछे से आए दो युवकों ने उसके कान से सोने की बाली झपट ली और फरार हो गए। महिला की शिकायत पर थाना घरौंडा में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

अवशेष जलाने पर कंबासी के किसानों पर केस दर्ज

बराड़ा। गांव कंबासी के किसानों पर धान की फसल अवशेष जलाने के मामले में केस दर्ज किया गया है। कृषि विभाग के अधिकारियों की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया है। विभाग के अधिकारियों ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि करीब 6 एकड़ में फसल जलाने का मामला सामने आया है। ऐसे में पर्यावरण नियमों के उल्लंघन के चलते संबंधित किसानों पर 30 हजार रुपये का चालान भी किया गया है। एचएआरएसएसी से मिली लोकेशन के आधार पर हल्का पटवारी, ग्राम सचिव, कृषि कार्यकर्ता और पशुपालन विभाग के वीएलडीए की संयुक्त टीम ने बीती 3 नवंबर को गांव कंबासी में मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान खेतों में धान के अवशेष जलाए जाने की पुष्टि हुई। जांच में करीब छह एकड़ क्षेत्र में आगजनी पाई गई। राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार यह खेत धर्मवीर सिंह, जसबीर सिंह और चरणजीत कौर पुत्र-पुत्री गुरनाम सिंह की मलकियत में दर्ज हैं।

एलईडी टीवी और डीवीआर ले उड़े चोर

बराड़ा। कस्बे की चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बीते दिनों चोरों ने दुर्गा नर्सरी के पास स्थित एक कबाड़ की दुकान को निशाना बनाते हुए दुकान का शटर तोड़कर एलईडी टीवी, डीवीआर कैमरा और कबाड़ का सामान चोरी कर लिया।पुलिस को दी शिकायत में गांव सीवन माजरा के सुनील कुमार ने बताया कि दुर्गा नर्सरी के पास उसकी कबाड़ की दुकान है। बीती 1 नवंबर की रात वह रोजाना की तरह करीब आठ बजे दुकान बंद करके अपने गांव चला गया था। अगले दिन सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो दुकान का शटर टूटा हुआ मिला। दुकान के अंदर जांच करने पर एलईडी टीवी, डीवीआर कैमरा और कबाड़ का सामान गायब मिला। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में चार दिवसीय राज्य स्तरीय हरियाणा दिवस समारोह का समापन

रत्नावली हमारी सांस्कृतिक विरासत व युवा शक्ति का प्रतीकः भारत भूषण

आर्य कॉलेज, पानीपत ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अग्रणी रहकर रत्नावली समारोह की ओवरऑल ट्राफी जीती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित चार दिवसीय रत्नावली महोत्सव के चौथे दिन बुधवार को आडिटोरियम हॉल में पहुंचे हरियाणा के मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती ने हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, युवा प्रतिभाओं, खेल उपलब्धियों और देश की सुरक्षा में प्रदेश के सैनिकों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि रत्नावली केवल सांस्कृतिक समारोह नहीं, बल्कि हरियाणा की पहचान, परंपराओं और लोक विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। इससे पहले कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज युवाओं का जोश देखकर उन्हें वर्ष 1973 का समय याद आ गया, जब भगवद्गीता सदन का उद्घाटन हुआ था। भारत भूषण ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के नेतृत्व में शिक्षा और सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। नैक से ए-प्लस ग्रेड प्राप्त करना विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण है। भारत भूषण भारती ने कहा कि हरियाणा की बेटियां और बेटे खेलों के क्षेत्र में लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। विशेष रूप से हरियाणा की बेटियां पदक जीतकर प्रदेश का गौरव बढ़ा रही हैं। इस अवसर पर प्रो. श्रेयांश द्विवेदी, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार, प्रो. जसबीर ढांडा, संयुक्त निदेशक लोक आडिट सुखमीत सिंह, रेजीडेंट आडिटर भूपिंदर सिंह, प्रो. नरेन्द्र सिंह, प्राचार्या प्रो. रीटा प्रो. कुसुम लता, प्रॉक्टर प्रो. अनिल गुप्ता, सीएसओ प्रो. आनंद कुमार, प्रो. प्रदीप मित्तल, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, उपनिदेशिका डॉ. जिम्मी शर्मा, डॉ. आशीष अनेजा, डॉ. सुरजीत कुमार आदि रहे।





रत्नावली ने हरियाणवी संस्कृति का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत कियाः प्रो. सोमनाथ सचदेवा

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा रत्नावली केवल सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि युवाओं को स्वावलंबन, उद्यमिता और अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। इससे पहले कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा,विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, कुलसचिव डॉ. सुमन वशिष्ठ, कुवि कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल, डॉ. ममता सचदेवा ने क्राफ्ट मेले का अवलोकन किया व हरियाणवी व्यंजनों का स्वाद चखा। वे चार दिवसीय राज्य स्तरीय हरियाणा दिवस समारोह के समापन अश्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश अग्रवाल ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से उनका 44 वर्षों का भावनात्मक जुड़ाव है। इस मौके पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा व अतिथियों ने रत्नावली महोत्सव 2026 की विभिन्न प्रतियोगिता में विजयी रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इन प्रतियोगिताओं में आर्य कॉलेज, पानीपत के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अग्रणी रहकर रत्नावली समारोह-2026 की ओवर ऑल ट्राफी जीती। वहीं केयू कैम्पस की टीम ने रनर अप ट्रॉफी अपने नाम की। नृत्य प्रतियोगिता में आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत के कलाकारों ने ओवरऑल ट्रॉफी जीती। वहीं ओवर ऑल फाइन आर्टस ट्रॉफी आरकेएसडी कॉलेज, कैथल की टीम को मिली, ओवर ऑल लिटरेरी ट्रॉफी दयाल सिंह कॉलेज, कैथल तथा आरकेएसडी कॉलेज कैथल ने प्राप्त की। वहीं ओवर ऑल थियेटर इवेंटस आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत, ओवर ऑल म्यूजिक इवेंट्स ट्रॉफी आर्य कॉलेज पीजी कॉलेज पानीपत ने प्राप्त की। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला ने रत्नावली महोत्सव की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

खुले मंच पर गूंजी रागनियां, कलाकारों ने बांधा समां



रत्नावली महोत्सव के खुले मंच पर प्रोफेशनल रागनी प्रतियोगिता में लोक कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राकेश बहरानिया, अनुपम बाली शर्मा, बाली शर्मा और रमेश कलाहवड़िया ने पारंपरिक रागनियों और भजनों के माध्यम से हरियाणवी लोक संस्कृति, लोक साहित्य, प्रेम, सामाजिक चेतना और ग्रामीण जीवन के विविध रंग प्रस्तुत किए। राकेश बहरानिया ने लीलो चमन और नारद मुनि की प्रस्तुति दी, वहीं अनुपम बाली शर्मा ने कई लोकप्रिय रागनियों से दर्शकों का मनोरंजन किया।

हरियाणवी समूह नृत्य में बिखेरे संस्कृति के रंग



चार दिवसीय रत्नावली महोत्सव के अंतिम दिन हरियाणवी समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर हरियाणवी लोक संस्कृति के विविध रंग बिखेरे। पारंपरिक वेशभूषा में सजे विद्यार्थियों ने लोकगीतों और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुनों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

फर्जी पंजीकरण पर सीएससी संचालक फंसा, केस दर्ज

पिहोवा। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर दूसरों की भूमि का फर्जी पंजीकरण कर पिहोवा अनाज मंडी में धान बेचने के मामले में प्रशासन ने गांव शाहपुर के सीएससी संचालक विजय कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एसडीएम राहुल कनवारिया ने कहा कि गुरुद्वारा सचखंड ईशर दरबार, जुरासी के सेवादारों ने मार्केट कमेटी पिहोवा को शिकायत दी थी कि उन्होंने अपनी धान की फसल का पंजीकरण विजय कुमार के सीएससी से करवाया था, लेकिन उसने उनकी भूमि का कुछ हिस्सा अवैध रूप से अपने नाम पंजीकृत करवा लिया। शिकायत मिलते ही उपायुक्त कुरुक्षेत्र विश्राम कुमार मीणा के निर्देश पर मामले को तुरंत संज्ञान में लिया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी ने गांव सरस्वती खेड़ा और सियाना सैदां की लगभग 20.6 एकड़ भूमि पर धान की फसल अपने नाम पोर्टल पर पंजीकृत करवाई थी, जबकि इनमें से किसी भी खसरे का वह मालिक नहीं है। इसमें 12.125 एकड़ भूमि गुरुद्वारा की है और शेष भूमि अन्य किसानों के नाम दर्ज है। इसी फर्जी पंजीकरण के आधार पर 16 अक्तूबर 2026 को पिहोवा मंडी में चार गेट पास कटवाकर 355 क्विंटल धान बेचा गया। खरीद की लगभग 13.50 लाख रुपये की राशि आरोपी के सीएससी बैंक खाते में आई, जिसमें से अधिकांश राशि कुछ ही दिनों में अन्य व्यक्तियों को स्थानांतरित कर दी गई।

त्योहारी सीजन में 14 प्रमुख एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनें चल रही देरी से

अंबाला। उत्तर रेलवे के अंबाला रेल मंडल में ट्रेनों की समयबद्धता पूरी तरह डगमगा गई है। 31 अक्तूबर की सुबह जारी आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, मंडल से गुजरने वाली 14 प्रमुख एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनें अपने निर्धारित समय से 5 से लेकर 30 मिनट की देरी से चल रही हैं। ट्रेनों की देरी की सूचना मिलते ही मुख्य यात्री यातायात प्रबंधक (सीपीटीएम) ने अधिकारियों और सेक्शन कंट्रोलरों को समय की भरपाई करने के निर्देश जारी किए हैं। मंडल में ट्रेनों की रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि देश की प्रीमियम ट्रेनों में शुमार दिल्ली-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस भी लेट हो गई। ट्रेन नंबर 22439 वंदे भारत एक्सप्रेस नई दिल्ली से श्री माता वैष्णो देवी कटरा जाने वाली यह ट्रेन 17 मिनट की देरी से चल रही थी। सचखंड एक्सप्रेस 12716 अमृतसर से नांदेड़ जाने वाली सुपरफास्ट 10 मिनट लेट हुई।

डेरे के गेट पर फायरिंग करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, रेकी करने वाला भी पुलिस के हत्थे चढ़ा

करनाल। गांव ओगंद स्थित एक डेरे के गेट पर फायरिंग करने के मामले में सीआईए-1 करनाल की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल और एक एप्पल आईफोन भी बरामद किया है। आरोपियों की पहचान दीक्षांत उर्फ दीक्षू निवासी गांव बम्बरेहड़ी तथा वंश उर्फ गुल्लू निवासी गांव पुंडरी के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक करन गोयल, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में निरीक्षक संदीप सिंह के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार की टीम ने यह कार्रवाई की।जांच अधिकारी के अनुसार 18 अक्टूबर की रात मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने गांव ओगंद स्थित डेरे के गेट पर फायरिंग की थी। शिकायतकर्ता प्रताप सिंह की शिकायत पर 19 अक्टूबर को थाना निसिंग में संबंधित धाराओं और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि वंश ने गेट पर गोली चलाई थी, जबकि दीक्षांत ने वारदात से पहले डेरे की रेकी की थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल आरसी सहित तथा दीक्षांत का एप्पल आईफोन बरामद किया। दोनों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया गया।

एसएच-6 पर ट्राले में घुसी पिकअप, ड्राइवर की मौत

कुरुक्षेत्र। स्टेट हाईवे-6 पर मथाना पावर हाउस के पास तेज रफ्तार ट्राले की टक्कर से पिकअप चालक की दर्दनाक मौत हो गई। ट्राले के चालक ने आगे चल रही पिकअप के सामने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे पिकअप अनियंत्रित होकर ट्राले के पिछले हिस्से में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक अंदर ही फंस गया। करीब आधे से पौने घंटे की मशक्कत के बाद गाड़ी को काटकर चालक को बाहर निकाला गया, लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान यमुनानगर के गांव ककडोनी निवासी 38 वर्षीय अरुण कुमार के रूप में हुई है। पुलिस को दिए बयान में मृतक के छोटे भाई विक्रम (33) ने बताया कि उसका बड़ा भाई अरुण पिपली से पिकअप लेकर यमुनानगर जा रहा था। वह खुद कैंटर लेकर उसके पीछे चल रहा था। मथाना पावर हाउस के पास एक तेज रफ्तार ट्राले ने पिकअप को ओवरटेक किया और आगे निकलते ही अचानक ब्रेक लगा दिए। अरुण ने भी पिकअप रोकने का प्रयास किया, लेकिन तब तक गाड़ी ट्राले के पिछले हिस्से में घुस चुकी थी। हादसे के बाद ट्राला चालक मौके से फरार हो गया।

मतलौडा में दुकानदार से 40 लाख की रंगदारी मांगी, केस

पानीपत। गांव मतलौडा के अड्डे पर किरयाणा की दुकान चलाने वाले व्यापारी अमरदीप बजाज उर्फ शेरू के पास विदेशी नंबर से फोन आया और कॉल करने वाले ने खुद को काला जठेड़ी और लॉरेंस ग्रुप से जुड़ा बताया। फोन करने वाले ने अमरदीप से 40 लाख रुपए की रंगदारी मांगी। आरोपी ने अमरदीप से सात नवंबर तक रकम देने का समय दिया और रुपए नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। इधर, अमरदीप की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने अज्ञात लोगों पर रंगदारी मांगने का केस किया, वहीं अमरदीप की सुरक्षा में दो पुलिसकर्मी तैनात किए हैं।

अमित शाह के आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कसी कमर

भाजपा की ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता : गुप्ता

आज लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा में भाग लेंगे केंद्रीय मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के करनाल आगमन पर 5 नवंबर को आयोजित होने वाली 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा को लेकर भाजपा संगठन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने भाजपा जिला कार्यालय 'कर्ण कमल' में संगठन महामंत्री पवन राणा और प्रदेश महामंत्री गोपाल शर्मा का स्वागत एवं अभिनंदन किया। बैठक में पदयात्रा की रूपरेखा, संगठनात्मक व्यवस्थाओं और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि अमित शाह का करनाल आगमन शहर और संगठन के लिए गौरव का अवसर है। पदयात्रा को भव्य बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा और समर्पण से अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की ताकत उसका मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। सभी पदाधिकारी आपसी तालमेल के साथ काम करते हुए अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करें। वीवीआईपी दौरे के मद्देनजर शहर और कार्यक्रम स्थलों पर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। विभिन्न जिलों से आए पुलिस बल सहित करीब 1300 पुलिसकर्मियों को तैनात किया है। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक करनाल मंडल अश्विन शेन्वी, उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक करन गोयल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक रविंद्र कुमार सहित विभिन्न जिलों के पुलिस अधीक्षक और उप पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे।



करनाल। कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

शाह की रैली के लिए 4.5 एकड़ में पंडाल

अंबाला। आजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक' का लोकार्पण करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 5 नवंबर को अंबाला पहुंचेंगे। उनके दौरे को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। अमित शाह पहले अंबाला एयरफोर्स स्टेशन पहुंचेंगे। यहां से शहीद स्मारक जाकर दोपहर करीब 2 बजे उसका लोकार्पण करेंगे। इसके बाद गांधी ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा के बाद वह वापस एयरफोर्स स्टेशन जाएंगे। गांधी ग्राउंड में जनसभा के लिए करीब 4.5 एकड़ क्षेत्र में विशाल पंडाल तैयार किया गया है। जबकि आयोजकों ने लगभग 50 हजार लोगों के पहुंचने का अनुमान लगाया है। गांधी ग्राउंड में बुधवार से ही करीब 500 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।



मेयर ने वार्ड नंबर पांच के दो पार्कों के सौंदर्यीकरण व नवीनीकरण कार्य का किया शुभारंभ

नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना नगर निगम की प्राथमिकता

दोनों पार्कों के सौंदर्यीकरण व नवीनीकरण पर खर्च होंगे 19.37 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना और पार्कों को सुंदर बनाने की दिशा में कार्य करना नगर निगम की प्राथमिकता है। इसी कड़ी में नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने निगम के वार्ड नंबर पांच की शिवपुरी कॉलोनी स्थित श्री कार्तिकेय व श्री गणेश पार्क के सौंदर्यीकरण एवं नवीनीकरण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर व पार्षद भानु प्रताप मौजूद रहे। दोनों पार्कों के नवीनीकरण पर नगर निगम की ओर से 19 लाख 37 हजार 119 रुपये खर्च किए जाएंगे।

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि दोनों पार्कों में सीमेंट कंक्रीट और टाइलों से संबंधित कार्य, दीवारों की मरम्मत, रंगाई पुताई, लोहे की ग्रिल, रफ्रेम व रेलिंग, लाइटिंग, गार्डन बेंच और कूड़ेदान लगाने सहित विभिन्न कार्य कराए जाएंगे। पार्कों में 50 वॉट की 10 मोनो कलर आर्किटेक्चर फ्लड लाइट भी लगाई जाएंगी। इसके अलावा बैठने के लिए आठ बेंच और गीले व सूखे कचरे के लिए अलग अलग कूड़ेदान की व्यवस्था की जाएगी। इस कार्य को पूरा करने के लिए सौ दिन की समय सीमा निर्धारित की गई है।



यमुनानगर। वार्ड नंबर पांच में पार्क के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ करती मेयर सुमन बहमनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

सुंदर पार्क का सभी को मिलेगा लाभ

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि शहर के विकास के साथ साथ नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार और नगर निगम की प्राथमिकता है। पार्कों का सौंदर्यीकरण केवल विकास कार्य नहीं हैं। बल्कि लोगों के स्वास्थ्य और जीवनशैली को बेहतर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। स्वच्छ और सुंदर पार्कों से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं सहित सभी आयु वर्ग के लोगों को लाभ मिलेगा। न्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। उनका प्रयास है कि शहरवासियों को स्वच्छ वातावरण, बेहतर सुविधाएं और सुंदर सार्वजनिक स्थल मिलें। नवीनीकरण के बाद दोनों पार्क क्षेत्रवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेंगे। मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी, निगम के कनिष्ठ अभियंता अभिषेक शर्मा, अंकित शर्मा, राहुल बंसल, रमन छाबड़ा, असलम अंसारी, दर्पण गर्ग, प्रदीप, शमीम, सुनील, रानीकांत सैनी, अनिल परूथी, मोहित अग्रवाल व पंकज आदि मौजूद रहे।

पार्क स्वास्थ्य और सामाजिक मेलजोल के महत्वपूर्ण केंद्र : बहमनी

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि शहर के पार्क केवल घूमने फिरने की जगह नहीं हैं। बल्कि लोगों के स्वास्थ्य और सामाजिक मेलजोल का महत्वपूर्ण केंद्र हैं। नगर निगम का प्रयास है कि शहर के प्रत्येक वार्ड में लोगों को स्वच्छ, सुंदर और सुविधायुक्त पार्क उपलब्ध हो सकें। वार्ड संख्या पांच की शिवनगर कॉलोनी व आसपास के निवासियों को बेहतर और सुंदर पार्कों की सुविधा मिल सकेगी।

लोगों को सुबह-शाम टहलने का मिलेगा बेहतर वातावरण

पार्कों के सौंदर्यीकरण से जहां बुजुर्गों को सुबह शाम सैर करने के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा। वहीं, बच्चों को खेलने और परिवारों को समय बिताने के लिए अच्छा स्थान मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा करवाया जाने के निर्देश दिए।

न्यूज डायरी



सदुरा की टीम ने जीती रस्साकसी प्रतियोगिता

रादौर। कुरूक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के तहत रादौर के जेएमआईटी कॉलेज में रस्साकसी प्रतियोगिता का फाइनल मैच गांव सदुरा व बापा के बीच खेला गया। सदुरा की टीम ने बापा की टीम को 2.0 से हरा दिया। सदुरा की टीम का नेतृत्व कैप्टन गुरमीत सिंह ने किया। इस दौरान विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में अमनदीप सिंह बुट्टर को बेस्ट खिलाड़ी के खिताब से नवाजा गया। विजेता टीम के कैप्टन गुरमीत सिंह ने बताया कि सदुरा की टीम ने लगातार दूसरी बार सांसद खेल महोत्सव में जीत दर्ज कर ट्राफी पर कब्जा जमाया है। इस अवसर पर अमनदीप, तजिंद्र, सुभाष चंद, सुखजीत, आर्यन, मनिंद्र सिंह, कर्ण बुट्टर,कुलवंत सिंह व वतन सिंह आदि मौजूद रहे।



बच्चों को दी बुलिंग की जानकारी

रादौर। मुकंद लाल नेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में बुधवार को एंटी बुलिंग डे पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को बुलिंग के बारे में बताया गया। प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने बच्चों को शारीरिक, मानसिक व सामाजिक बुलिंग के बारे में जानकारी प्रदान की। प्रधानाचार्य ने कहा कि एंटी बुलिंग छात्रों के मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। जिससे छात्रों को अवसाद व मानसिक चिंता से बचाया जा सके। सेमिनार का आयोजन अध्यापिका मोना चोपड़ा, उर्वशी व आरती द्वारा किया गया।



खेल शारीरिक व मानसिक विकास के लिए जरूरी

रादौर। इंडियन पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिताओं का समापन 16 नवंबर को किया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य ईश मेहता ने दीप प्रज्जवलित करके खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया।। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं के प्रथम दिन कक्षा नर्सरी से पहली तक के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने हर्डल रेस, गुब्बारा दौड़, लेमन स्पून रेस, हिट द बॉल सहित अनेक मनोरंजक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मौके पर प्रधानाचार्य ईश मेहता ने प्रथम दिन आयोजित हुई प्रतियोगिताओं में विजयी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मेले के लिए सजाए जा रहे कपालमोचन स्थित मंदिर



यमुनानगर। महर्षि वेदव्यास की तपोस्थली रहे उत्तर भारत के प्रसिद्ध श्री कपाल मोचन में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय मेले को लेकर तीर्थस्थल स्थित मंदिरों को भव्य रुप से सजाया जा रहा है। मंदिरों में स्थापित मूर्तियों पर रंग रोगन कर उन्हें भव्य रुप दिया जा रहा है। इस बार कपालमोचन तीर्थ स्थल पर 20 से 24 नवंबर तक पांच दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। उधर, मेले स्थल पर दुकानों व लोगों के रहने के लिए स्थान निर्धारित किए गए। ऐतिहासिक एवं धार्मिक तीर्थ स्थल कपालमोचन में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले मेले में पंजाब समेत अन्य प्रदेशों के श्रद्धालु पहुंचकर पांच दिन तक कपाल मोचन सरोवर, ऋण मोचन समेत तीनों सरवरों में स्नान करते हैं और दीप दान करते हैं।



युवा महोत्सव प्रतिभा निखारने का बेहतर मंच

यमुनानगर। कौशल विकास एवं औद्योगित प्रशिक्षण विभाग द्वारा 19 व 20 नवंबर को शहर में आयोजित जिला युवा महोत्सव को लेकर सीटीएम कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगराधीश पीयूष गुप्ता ने की। जिला युवा महोत्सव में 15 से 29 वर्ष आयु के जिला के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। नगराधीश ने बताया कि महोत्सव के दौरान समूह लोक नृत्य, समूह लोकगीत, चित्रकारी, नुक्कड़ नाटक, काव्य लेखन व लोक संगीत वाद्ययंत्र प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 4100 रुपये, द्वितीय स्थान पर 3100 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 2100 रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने कहा कि युवा महोत्सव युवाओं को अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक कौशल प्रदर्शित करने का बेहतर मंच प्रदान करता है।



वित्त के क्षेत्र में जीएसटी की जानकारी जरूरी

रादौर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में जीएसटी रिटर्न फाइलिंग विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रुप में सीए अनिल कुकरेजा ने भाग लिया। वहीं, अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने की। मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों को जीएसटी रिटर्न के विभिन्न प्रकारों, रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों, समय सीमा तथा कर अनुपालन से संबंधित विस्तार से जानकारियां दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि वित्त एवं लेखांकन के क्षेत्र में जीएसटी की जानकारी होना कितना महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर जेएमआईटी के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने कहा कि ऐसे विशेषज्ञ व्याख्यान विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ साथ व्यावहारिक एवं उद्योग आधारित जानकारी प्रदान करते हैं।

विद्यार्थी स्वस्थ रहने के लिए नियमित करें योग

यमुनानगर। महाराणा प्रताप सीनियर सैकेंडरी स्कूल नाचरौन में विद्यार्थियों को स्वस्थ व फिट रखने के उद्देश्य से बुधवार को प्रार्थना सभा में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियो को योग एवं पीटी करवाई गई। कार्यक्रम में योग शिक्षक रविश कुमार ने बच्चों प्राणायाम के महत्व के बारे में जानकारी दी और विभिन्न योग क्रियाएं करवाई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक मास्टर साहब सिंह राणा ने किया। योग शिक्षक रविश ने विद्यार्थियों को आहवान किया कि वह शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग को अपने जीवन नियमित दिनचर्या बनाएं। उन्होंने मौके पर प्राणायाण समेत विभिन्न योगिक क्रियाएं करवाकर उनके लाभ बताए।इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक मास्टर साहब सिंह राणा ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करना और योग के महत्व बताना रहा।



रिहान बने हेड बाय व लक्षिता हेड गर्ल

यमुनानगर। शहर के दिल्ली मार्ग स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल कैंप यमुनानगर में बुधवार को इन्वेस्टीचर सेरेमनी(छात्र परिषद शपथ ग्रहण समारोह) का भव्य आयोजनय किया गया। इस दौरान मेधावी विद्यार्थियों को टाइटल का खिताब व बैज लगाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक डॉ. आरएस पुंडीर ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। मौके पर विद्यालय में कार्यक्रम से पहले राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और मार्च पास्ट का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के चारों सदनों आजाद, सुभाष, टैगोर व शास्त्री सदनों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय के प्रबंधक एवं चेयरमैन डॉ. आरएस पुंडीर ने बताया कि इस दौरान बच्चों को टाइटल दिए गए। जिनमें छात्र रिहान को हैड बाय, छात्रा लक्षिता को हैड गर्ल बनाया गया। वहीं, छात्र गर्वित को वाइस हैड बॉय व छात्रा इशिता को हैड गर्ल का खिताब दिया गया। मौके पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ. आरएस पुंडीर व प्रिंसीपल मनीषा गौतम ने टाइटल से नवाजे गए विद्यार्थियों को उनके पद एवं दायित्वों के बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर उन्हें लीडर(शिष्टाचार प्रतिनिधि) के बैज प्रदान कर सम्मानित किया गया और उन्हें विद्यालय के नियमों व आदर्शों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

- पूर्व कैबिनेट मंत्री ने ऐतिहासिक धरोहर लोहगढ़ के विकास कार्यों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

लोहगढ़ साहिब ट्रस्ट वर्किंग कमेटी के चेयरमैन एवं हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने जिले के ऐतिहासिक स्थल लोहगढ़ साहिब में चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से विकास कार्यों की स्थिति और निर्धारित समय सीमा को लेकर जानकारी प्राप्त की।

कमेटी के चेयरमैन एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



यमुनानगर। विकास कार्यों का औचक निरीक्षण करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री।

बलिदान की गौरव गाथा का प्रतीक

पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा कि लोहगढ़ साहिब केवल एक ऐतिहासिक स्थल ही नहीं है। बल्कि महान सिख योद्धा बाबा बंदा सिंह बहादुर जी के अदम्य साहस, शौर्य, स्वाभिमान और बलिदान की गौरवशाली गाथा का प्रतीक है। बाबा बंदा सिंह बहादुर जी ने अपने पराक्रम और संघर्ष से इतिहास में अमिट स्थान बनाया। उनके जीवन और योगदान से आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा मिलती रहेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा की वर्तमान सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में बाबा बंदा सिंह बहादुर जी की पावन स्मृति और उनके ऐतिहासिक योगदान को चिरस्थायी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। लोहगढ़ साहिब के ऐतिहासिक महत्व को संरक्षित रखने के साथ साथ इसे आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित करना मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरियाणा सरकार की प्राथमिकता है।

मेगा जॉब फेयर में कंपनियों के प्रतिनिधियों ने लिए साक्षात्कार

रादौर। ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मेगा जॉब फेयर एवं कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस दौरान एक्सीलेंस टेक्नोलॉजी मोहाली, अल्फा आईटी टेक्नोलॉजीज मोहाली, जेएसटी आउटसोर्सिंग सर्विसेज मोहाली, लर्निंग रूट्स प्राइवेट लिमिटेड व मोविड्रू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड बेंगलुरु के प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार लिए। प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक, बीबीए एवं बीसीए के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया गया। संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल ने कहा कि इस प्रकार के जॉब फेयर विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, उद्योग जगत की अपेक्षाओं को समझने तथा अपने करियर को नई दिशा देने का अवसर प्रदान करते हैं।

समूह लोक नृत्य में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरनौल ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व्यासपुर में हुई जिलास्तरीय सांस्कृतिक स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व्यासपुर में जिलास्तरीय सांस्कृति महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में एसडीएम व्यासपुर डॉ. कुलदीप सिंह ने भाग लिया।

वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में जिला शिक्षा अधिकारी प्रेम लता, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अशोक राणा, डिप्टी डीईओ शिव कुमार, बीईओ नरेश कुमार और कवि मदन शेखपुरी मौजूद रहे।



यमुनानगर। व्यासपुर में आयोजित जिलास्तरीय सांस्कृति महोत्सव में विजेता बने प्रतिभागी पुरस्कार प्राप्त कर खुशी जताते हुए। फोटो : हरिभूमि

जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रिंसीपल मीना कांबोज ने की।

विद्यालय की प्रिंसीपल मीना कांबोज ने बताया कि कक्षा नौ से बारह के वर्ग में समूह लोक नृत्य प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरनौल ने प्रथम, राजकीय आदर्श संस्कृति विद्यालय साढौरा ने द्वितीय व सीएमईई जीएसएस तलाकौर ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। वहीं, स्किट प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय स्कूल सरांवा ने पहला, राजकीय कन्या विद्यालय जागधरी ने दूसरा व राजकीय स्कूल छछरौली ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, राजकीय विद्यालय अमादलपुर को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

ये रहे विजेता

रागिनी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल माडल कालोनी ने पहला, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व्यासपुर ने दूसरा व राजकीय आदर्श संस्कृति विद्यालय बुटेढ़ी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। राजकीय कन्या विद्यालय प्रतापनगर को सांत्वना पुरस्कार मिला। एकल लोक नृत्य में राजकीय कन्या विद्यालय सब्जी मंडी ने प्रथम, राजकीय कन्या विद्यालय प्रतापनगर ने द्वितीय व राजकीय आदर्श संस्कृति विद्यालय छछरौली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राजकीय कन्या विद्यालय जगाधरी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। समूह लोक नृत्य में राजकीय कन्या विद्यालय सब्जी मंडी ने प्रथम, राजकीय कन्या विद्यालय प्रतापनगर ने द्वितीय व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व्यासपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने का संदेश

रादौर। पर्ल किंडरगार्टन विंग स्कूल रादौर में बुधवार को दीपावली का पावन पर्व हर्षोल्लास व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट, सुंदर रंगोलियों और दीपों से सजाया गया जिससे पूरा वातावरण दीपावली की खुशियों और रौनक से जगमगा उठा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भगवान श्रीराम, माता सीता व लक्ष्मण जी के वनवास काल पर आधारित सुंदर एवं आकर्षक झांकी रही। बच्चों ने अपनी प्रस्तुति के जरिए पटाखों से होने वाले वायु एवं ध्वनि प्रदूषण, पर्यावरण को होने वाले नुकसान तथा पशु-पक्षियों पर पड़ने वाले बुरे प्रभावों के प्रति सभी को जागरूक किया। प्रिंसीपल स्वाति गोयल ने बच्चों को दीपावली के धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि दीपावली बुराई पर अच्छाई, अंधकार पर प्रकाश और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है।

घरों में शुभता के लिए दीपावली पर्व पर लोग खरीद रहे स्वदेशी प्रतिमाएं

ग्राहकों को लुभा रहीं गणेश जी की स्वदेशी मूर्तियां व बंदनवार

मूर्तियों की कीमत दो सौ से पांच हजार रुपये तक बंदनवार और झूमर की हो रही खूब बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दीपावली पर्व पर घरों में शुभता लाने के लिए लोगों की पसंद स्वदेशी गणेश भगवान की मूर्तियां, झूमर और बंदनवार बन रही है। ग्राहक विदेशी सामान का तिरस्कार कर स्वदेशी वस्तूओं को ज्यादा तरजीह दे रहे हैं। यही वजह है कि स्वदेशी गणेश भगवान की मूर्तियों की डिमांड बढ़ गई है। गणेश भगवान की मूर्तियों को खरीदने के लिए लोगों की दुकानों पर भीड़ बढ़ रही है। वहीं, स्वदेशी बंदनवार और झूमर भी लोगों की पसंद बन रहा है। दीपावली पर्व पर ग्राहक अपने घरों के लिए आकर्षक डिजाईनों से तैयार की गई देवी-देवताओं की मूर्तियां, झूमर और बंदनवार आदि खरीदने में लगे हैं। स्वदेसी गणेश भगवान समेत अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां दो सौ रुपये से लेकर पांच हजार रुपये तक की बिक रही हैं। जिन्हें लोग खरीदने में लगे हैं। लोगों का कहना है कि मिट्टी से बनी देवी देवताओं की मूर्तियां खरीदना जहां शुभ माना जाता है, वहीं, इससे भारतीय संस्कृति की झलक दिखाई देती है।



यमुनानगर। दुकान पर आकर्षक डिजाइनों में सजीं लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां।

राम दरबार की भी बढ़ रही डिमांड

दुकानदार राजीव बख्शी व दुकानदार मुकेश का कहना है कि इस बार दीपावली पर्व पर जहां लोग गणेश भगवान की मूर्तियां खरीद रहे हैं। वहीं, अधिकांश लोग श्रीराम दरबार, मां लक्ष्मी की मूर्तियों समेत आकर्षक झूमर, बंदनवार और रंगोली के आकर्षक डिजाइनों में तैयार सांचों को खरीद रहे हैं। जिससे उन्हें काफी मुनाफा हो रहा है। इस दौरान ग्राहक राम किशन, सुरेश कुमार, विजेंद्र सिंह, पाला राम व सुमित कुमार आदि का कहना है कि स्वदेशी सामान को खरीदकर लोगों में अपने पन की भावना बढ़ती है। इसलिए ही वह स्वदेशी सामान को ज्यादा तरजीह दे रहे हैं।

हरित दीपावली मनाने का दिया संदेश

यमुनानगर। दीपावली पर्व को स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल तरीके से मनाने के लिए सनातन धर्म पब्लिक स्कूल मॉडल टाउन के विद्यार्थियों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकालकर सभी को स्वच्छ व हरित दीपावली मनाए जाने का संदेश दिया। जागरुकता रैली स्कूल के मुख्य द्वार से शुरू होकर मेयर आवास, एसपी आवास, नेहरु पार्क से होते हुए मॉडल टाउन के विभिन्न स्थानों से होकर अंत में शुभारंभ स्थल पर जाकर संपन्न हुई। विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से आमजन को स्वच्छ दीपावली,हरित दीपावली मनाने का संदेश दिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन विशेषज्ञ दुर्गेश कुमार व विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता शर्मा ने विद्यार्थियों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि त्योहारों की खुशियां पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना भी मनाई जा सकती हैं। रैली में विद्यार्थियों ने लोगों को पटाखों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले वायु एवं ध्वनि प्रदूषण के प्रति जागरूक किया। साथ ही एकल उपयोग प्लास्टिक से बचने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने, घरों और आसपास सफाई रखने तथा सजावट में पर्यावरण अनुकूल सामग्री अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नगर निगम की इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वच्छता अभियान से जोड़कर उनके माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचाना है। ताकि सभी नागरिक स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

खबर संक्षेप



90 शिक्षकों ने सीखे योग के रोचक गुर

कुरुक्षेत्र। जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), कुरुक्षेत्र में हरियाणा योग आयोग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 30 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर में हरियाणा योग आयोग के वरिष्ठ सदस्य डॉ. मनीश कुकरेजा ने लगभग 90 प्रतिभागियों को खेल-खेल में योग की अनूठी अवधारणा से अवगत कराया। शिविर में शिक्षकों को योग के सिद्धांतों एवं अभ्यासों को रोचक और सरल तरीके से सिखाने के व्यावहारिक गुर बताए गए। हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण सत्र में डॉ. कुकरेजा ने अपने अनुसंधान पर आधारित एबीसी ऑफ योग चार्ट, हिंदी यौगिक वर्णमाला, यौगिक सांप-सीढ़ी, लूडो और शतरंज जैसे शैक्षणिक खेलों की उपयोगिता समझाई।

सांसद खेल महोत्सव के तहत स्वच्छता अभियान शुरू



कुरुक्षेत्र। सांसद खेल महोत्सव 2.0 के तहत आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के बाद सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। उन्होंने नवीन जिन्दल फाउंडेशन के सदस्यों के साथ मिलकर स्टेडियम परिसर में सफाई अभियान चलाया और खिलाड़ियों व उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर धर्मवीर सिंह ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल का सपना कुरुक्षेत्र को विकास के साथ-साथ स्वच्छता के मामले में भी देश में नंबर वन बनाना है।

सीजेएम ने किया सिविल अस्पताल का निरीक्षण



कुरुक्षेत्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में साक्षी बाल कुंज लाडवा, वृद्धाश्रम लाडवा तथा सिविल अस्पताल कुरुक्षेत्र का दौरा कर वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने साक्षी बाल कुंज लाडवा के दौरे के दौरान बच्चों के रहने की व्यवस्था, भोजन, स्वच्छता, स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान बच्चों से बातचीत कर उनकी आवश्यकताओं को समझने का प्रयास किया गया। बच्चों को सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध करवाने तथा उनके अधिकारों और हितों की रक्षा करने पर विशेष जोर दिया गया।

धनतेरस पर धन्वंतरि पूजन के साथ खरीदारी का विशेष महत्व

प्रदोष काल में त्रयोदशी तिथि होने के कारण धनतेरस कल मनाई जाएगी

धनतेरस से शुरू होगा दीपोत्सव 8 को मनाई जाएगी दीपावली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

दीपोत्सव का पांच दिवसीय पर्व इस वर्ष 6 नवंबर को धनतेरस के साथ शुरू होगा। इसके बाद 7 नवंबर को छोटी दीपावली एवं नरक चतुर्दशी, 8 नवंबर को दीपावली और 9 नवंबर को सोमवती अमावस्या मनाई जाएगी। पर्वों को लेकर बाजारों में भी रौनक बढ़ने की उम्मीद है। धनतेरस पर भगवान धन्वंतरि की पूजा के साथ सोना, चांदी और बर्तन खरीदने की परंपरा है, जबकि दीपावली पर प्रदोष काल में माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा की जाएगी। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक डॉ. रामराज कौशिक ने बताया कि कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 6 नवंबर को सुबह 11 बजकर 7 मिनट पर शुरू होकर 7 नवंबर को सुबह 10 बजकर 44 मिनट तक रहेगी। प्रदोष काल में त्रयोदशी तिथि होने के कारण धनतेरस 6 नवंबर को मनाई जाएगी।



धनतेरस पर धन्वंतरि पूजन व खरीदारी का महत्व



डॉ. कौशिक ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। उन्हें आयुर्वेद और आरोग्य का देवता माना जाता है। इसलिए धनतेरस पर उनकी पूजा कर परिवार के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की जाती है। इस दिन सोना, चांदी, बर्तन और अन्य उपयोगी वस्तुओं की खरीदारी शुभ मानी जाती है। उन्होंने बताया कि धनतेरस पर शाम 6 बजकर 7 मिनट से रात 8 बजकर 3 मिनट तक लक्ष्मी पूजन का शुभ मुहूर्त रहेगा। खरीदारी के लिए दोपहर 1 बजकर 31 मिनट से 3 बजकर 2 मिनट तक का समय शुभ बताया गया है। इस दिन वृषभ लग्न में पूजन का विशेष महत्व रहेगा। शाम को घर के मुख्य द्वार पर दीपक जलाने और यम दीपदान करने की भी परंपरा है।

7 को छोटी दीपावली व नरक चतुर्दशी

धनतेरस के अगले दिन 7 नवंबर को नरक चतुर्दशी यानी छोटी दीपावली मनाई जाएगी। इसे रूप चतुर्दशी और नरक चौदस भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने इसी दिन नरकासुर का वध कर हजारों बंदी महिलाओं को मुक्त कराया था। इस दिन सुबह अभ्यंग स्नान, शरीर पर तेल लगाने और शाम को दीपदान करने का विधान है। इसे बुराई पर अच्छाई की विजय और नकारात्मकता से मुक्ति का प्रतीक माना जाता है।

8 को दीपावली, स्वाति नक्षत्र का विशेष संयोग

डॉ. रामराज कौशिक ने बताया कि इस बार दीपावली रविवार, 8 नवंबर को मनाई जाएगी। कार्तिक अमावस्या तिथि 8 नवंबर को सुबह 10 बजकर 51 मिनट पर शुरू होकर 9 नवंबर को सुबह 11 बजकर 32 मिनट तक रहेगी। प्रदोष काल में अमावस्या होने के कारण दीपावली 8 नवंबर को ही मनाई जाएगी। इस दिन शाम 5 बजकर 59 मिनट से रात 7 बजकर 55 मिनट तक लक्ष्मी-गणेश पूजन का विशेष शुभ मुहूर्त रहेगा। वृषभ स्थिर लग्न में पूजा करना विशेष फलदायी माना गया है। उन्होंने बताया कि ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार स्वाति नक्षत्र स्वतंत्रता, प्रगति, व्यापार और उन्नति से संबंधित माना जाता है। वहीं शुक्र ग्रह सुख, वैभव, ऐश्वर्य और भौतिक सुख-सुविधाओं का कारक माना जाता है। स कारण धनतेरस और दीपावली के ज्योतिषीय संयोगों को विशेष महत्व दिया जा रहा है।

9 नवंबर को सोमवती अमावस्या

दीपावली के अगले दिन सोमवार, 9 नवंबर को सोमवती अमावस्या का संयोग रहेगा। अमावस्या तिथि सुबह 11 बजकर 32 मिनट तक रहेगी। सोमवार को पड़ने वाली अमावस्या को सोमवती अमावस्या कहा जाता है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान, दान, पितरों का तर्पण और भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व है। महिलाएं परिवार की सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना के लिए पूजा-अर्चना करती हैं।

एसवीएसयू ने रत्नावली में दर्शकों पर छोड़ी ब्रज की शानदार छाप



कुरुक्षेत्र। विजेता कलाकारों का उत्साहवर्धन करते एसवीएसयू के कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार, कुलसचिव सुमन वशिष्ठ और यूथ वेलफेयर निदेशक अनिल कौशिक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित चार दिवसीय राज्यस्तरीय रत्नावली समारोह में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए शानदार प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय की टीमों ने कुल 30 विभिन्न विधाओं में हिस्सा लिया, जिनमें से 10 स्पधार्ओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गौरवपूर्ण स्थान हासिल किया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए इस उपलब्धि को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि एसवीएसयू न केवल कौशल विकास और उच्च शिक्षा के प्रति समर्पित है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण एवं सांस्कृतिक विकास के लिए भी पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। कुलगुरु ने इस सफल मार्गदर्शन के लिए डायरेक्टर यूथ वेलफेयर अनिल कौशिक एवं सचिव उनकी टीम की विशेष रूप से सराहना की। कुलसचिव सुमन वशिष्ठ ने भी मंच पर उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले विद्यार्थियों की पीठ थपथपाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यूथ वेलफेयर के निदेशक अनिल कौशिक ने बताया कि रत्नावली समारोह में एसवीएसयू की टीमों ने ब्रज क्षेत्र की समृद्ध लोक संस्कृति का शानदार प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिताओं के परिणामों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की टीम ने हरियाणवी चौपाल और शॉर्ट फिल्म (हरियाणवी) में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

गीता कन्या विद्यालय में दीपावली पर सजाई कला की अनूठी छटा

छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में अमीन रोड स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दीपावली के उपलक्ष्य में विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्राओं को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और त्योहारों के महत्व से परिचित करवाने के साथ-साथ उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निखारना था। कार्यक्रम के तहत दीप सज्जा, ग्रीटिंग कार्ड बनाओ और तोरण बनाओ प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इनमें कक्षा पहली से बारहवीं तक



की छात्राओं ने शिशु, बाल, किशोर और तरुण वर्ग में उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक दीप, रंग-बिरंगे कार्ड और सुंदर तोरण तैयार किए। दीप सज्जा प्रतियोगिता के शिशु वर्ग में वंशिका प्रथम, मोनिका द्वितीय और चिराग तृतीय रहे। बाल वर्ग में अंशिका प्रथम, एल्विन द्वितीय तथा रीत एवं रितिका तृतीय स्थान पर रहीं। किशोर वर्ग में मानसी ने पहला, प्रांजल ने दूसरा और सृष्टि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। तरुण वर्ग में दिव्यांशी एवं मैना प्रथम, प्रज्ञा द्वितीय और स्मृति तृतीय रहीं। तोरण बनाओ प्रतियोगिता के शिशु वर्ग में अवनीत प्रथम, लक्ष द्वितीय और शाम्भवी तृतीय रहीं। बाल वर्ग में प्रियांशी प्रथम, प्राची द्वितीय और लक्षिता तृतीय रहीं।

करनाल में आज पदयात्रा में शामिल होंगे अमित शाह

अंबाला में शहीद स्मारक का भी करेंगे लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 5 नवंबर को करनाल में आयोजित लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा में शामिल होंगे। इसके बाद वह अंबाला छावनी पहुंचकर 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम को समर्पित शहीद स्मारक का लोकार्पण करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। दोनों कार्यक्रमों में कुरुक्षेत्र जिले से बड़ी संख्या में कार्यकताओं और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी सिलसिले में विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि पदयात्रा का उद्देश्य संवैधानिक मूल्यों,



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद मंत्री कृष्ण लाल पंवार व जिला के पदाधिकारी।

भाजपा जिला कार्यालय गीता कमल में जिला पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में पदयात्रा और शहीद स्मारक के लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा करते हुए कार्यकताओं की जिम्मेदारियां तय की गईं। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि पदयात्रा का उद्देश्य संवैधानिक मूल्यों, लोकतांत्रिक अधिकारों, राष्ट्रीय सुरक्षा और मतदाता सूची की शुचिता को लेकर जनजागरूकता फैलाना है। पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने बताया कि करनाल के कार्यक्रम के बाद अमित शाह अंबाला छावनी में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम को समर्पित भव्य शहीद स्मारक का लोकार्पण करेंगे।

ये रहे मौजूद

बैठक में पूर्व मंत्री जगदीश नायर, पूर्व मंत्री सीमा त्रिखा, चेयरमैन गुरनाम सैनी, रविंद्र सांगवान, धर्मवीर मिजापुर, धर्मवीर डागर, कवलजीत कौर, धर्मपाल डीपी चौधरी, राजकुमार सैनी, रामपाल पाली, बीबी करतार कौर, रेखा वाल्मीकि, परमजीत कौर, संजीव सिकरी, देशराज शर्मा, मास्टर सतपाल, विजय कम्बोज, नरेंद्र पंचाल, मनीष सिंधवानी, भारती धीमान, गुलजार सैनी, नरेंद्र जांगड़ा, हन्नू चकरपानी, विजय लक्ष्मी, अमन भार्गव, प्रवीण, गुलशन, ज्योति, सुनील कुमार, देवेंद्र राणा और कंचन शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

बुजुर्गों के हुनर ने सजाई दिवाली हॉट हाथोंहाथ बिका हस्तनिर्मित सामान



कुरुक्षेत्र। प्रेरणा वृद्ध आश्रम में आयोजित दिवाली हॉट में बुजुर्गों की प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मसम्मान का अनूठा संगम देखने को मिला। आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों के हाथों से तैयार मिठाइयां, सजावटी लड़ियां, कंठमालाएं, फुलझड़िया और अन्य हस्तनिर्मित वस्तुओं ने सभी को आकर्षित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल ने बुजुर्गों के हुनर की सराहना करते हुए उनके हाथों बना सजावटी सामान भी खरीदा। आश्रम के संस्थापक एवं संचालक डॉ. जय भगवान सिंगला ने बताया कि बुजुर्गों की इच्छाओं के अनुरूप इस दिवाली हॉट का आयोजन किया गया। न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल ने कहा कि वह बुजुर्गों की कला को प्रणाम करते हैं। परिवारों द्वारा ठुकराए जाने के बावजूद उनके भीतर की प्रतिभा जीवित है। अवसर और प्रोत्साहन मिले तो वे मिठाइयों, स्वादिष्ट व्यंजनों और आकर्षक सजावटी वस्तुओं सहित अनेक चीजें बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रेरणा संस्था ऐसे बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान लाने का सराहनीय प्रयास कर रही है, जिनकी खुशियां अपनों के व्यवहार से छिन गई थीं। परिवारों को चाहिए कि वे बच्चों को वृद्ध आश्रमों का भ्रमण करवाएं, ताकि उनमें सेवा और बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना विकसित हो।

सांसद खेल महोत्सव : महिला वर्ग में केयू व पुरुष वर्ग में साई इलेवन प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

चेयरमैन सुभाष कलसाना ने विजेता टीम को पुरस्कृत करते हुए कहा कि सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को एक साझा मंच मिल रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ना, उनकी प्रतिभा को निखारना और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन के लिए प्रेरित करना है। इस मौके पर चेयरमैन रविंद्र सांगवान ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से खिलाड़ियों को मंच मिल रहा है यह खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा जिससे वह देश का नाम ऊंचा कर सकेंगे खिलाड़ियों के शानदार तालमेल, आक्रामक खेल और मजबूत रक्षापंक्ति ने दर्शकों को अंत तक मैदान से जोड़े रखा। महिला



वर्ग का मुख्य मुकाबला सोम कॉन्वेंट गुरुकुल घराडसी और खेलो इंडिया सेंटर, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की टीमों के बीच खेला गया। मुकाबले की शुरूआत से ही कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की टीम ने आक्रामक रणनीति अपनाते हुए विपक्षी टीम पर दबाव बनाए रखा। सोम कॉन्वेंट गुरुकुल घराडसी की खिलाड़ियों ने वापसी के लिए कई प्रयास किए, लेकिन कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की मजबूत रक्षापंक्ति और सटीक पासिंग के सामने उन्हें सफलता नहीं मिली। बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की टीम ने मुकाबला जीत लिया। पुरुष वर्ग में साई इलेवन और द्रोणाचार्य हॉकी नर्सरी, कुरुक्षेत्र के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए गोल करने के कई अवसर बनाए। आखिरकार साई इलेवन की टीम ने जीत दर्ज की। इस अवसर पर सुभाष सैनी चेयरमैन कोऑपरेटिव सेंट्रल बैंक, अजैब सिंह जिंदल हाउस कुरूक्षेत्र, पंकज सिंगला पार्षद, अमित सिंगला पार्षद, परभजीत तनेजा आदि मौजूद रहे।

एसडी गर्ल्स स्कूल में सजा दिवाली मेला भारतीय संस्कृति की दिखी मनमोहक झलक



कुरुक्षेत्र। एसडी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली के उपलक्ष्य में परंपरा नाम से भव्य दिवाली उत्सव एवं मेले का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। मेले में भारतीय संस्कृति, पारंपरिक रीति-रिवाजों और त्योहारों की मनमोहक झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में विद्यालय की संस्थापक संतोष शर्मा, मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, जिला अध्यक्ष रमेश सैनी, चेयरमैन विकास शर्मा और मैनेजिंग डायरेक्टर मंजू शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अतिथियों ने मेले का अवलोकन कर छात्राओं की रचनात्मकता और उत्साह की सराहना की। मेले में विभिन्न प्रकार के आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जिनमें स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ खट्टे-मीठे पकवान विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं, लाइव रामायण प्रसारण ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए हाथों से सुंदर दीपक और सजावटी वस्तुएं तैयार कीं। उनके द्वारा बनाए गए आकर्षक दीयों को अतिथियों और अभिभावकों ने खूब सराहा। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, पारंपरिक मूल्यों और त्योहारों के महत्व से जोड़ने के साथ उनमें रचनात्मकता एवं आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना था। इस अवसर पर विद्यालय की उपप्रधानाचार्या अंजलि ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहने की प्रेरणा देते हैं।

राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में तनिष्क सहारण ने जीता स्वर्ण पदक

कुरुक्षेत्र। डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-3, कुरुक्षेत्र के होनहार छात्र तनिष्क सहारण ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और शानदार खेल प्रदर्शन के दम पर हरियाणा स्टेट लेवल अंडर-11 हरियाणा स्कूल स्टेट गेम्स एंड कल्चरल कंपटीशन 2026-27 में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। पानीपत में 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तनिष्क ने 1 नवंबर को 28 किलोग्राम भार वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। उन्होंने हिसार, करनाल, सोनीपत और पानीपत के खिलाड़ियों को कड़े मुकाबलों में हराते हुए फाइनल तक का सफर तय किया और प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। तनिष्क की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। उनके पिता विश्वपाल और माता प्रवीण देवी ने बेटे की सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए इसे उसकी मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम बताया। विद्यालय की प्राचार्या गीतिका जसूजा और शिक्षकों ने तनिष्क को बधाई देते हुए कहा कि इतनी कम उम्र में राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक जीतना बड़ी उप लब्धि है। उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।



कार्यक्रम दीपावली मिलन समारोह में गूंजा एकजुटता और सद्भाव का संदेश

बुराई पर हमेशा होती है सच्चाई की जीत : कंवलजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला परिषद कुरुक्षेत्र की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि बुराई कितनी भी बड़ी क्यों न हो, अंत में जीत हमेशा सच्चाई और अच्छाई की होती है। दीपावली का पर्व हमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देने के साथ आपसी प्रेम, भाईचारे और खुशियां बांटने की प्रेरणा देता है। वे बुधवार को अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में मीडिया वेल्फेयर क्लब की ओर से आयोजित दीपावली मिलन समारोह में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रही थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा भूमि सुधार निगम के चेयरमैन गुरनाम सैनी ने की।



अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद, दी कुरुक्षेत्र को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन सुभाष सैनी, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट जवाहर गोयल, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सुरेंद्र सैनी और धन्ना भगत स्कूल के प्रधान जगतार काजल विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। क्लब के प्रधान बाबू राम तुषार के नेतृत्व में सदस्यों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मंच संचालन देवीलाल बारना ने किया। कंवलजीत कौर ने कहा कि दीपावली जैसे पर्वों पर इस तरह के आयोजन सामाजिक मेलजोल और आपसी सद्भाव को मजबूत करते हैं।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर सांसद नवीन जिंदल के मीडिया प्रभारी डा. राजकुमार सैनी, केडीबी के सदस्य हरमेश सैनी, श्रीगुरु रविदास सभा के पूर्व प्रधान सूरजभान नरवाल, प्रदेश अनाज मंडी आढती एसोसिएशन के संयुक्त सचिव धर्मपाल मथाना, प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र के प्रधान रामपाल शर्मा, जयनारायण शर्मा, जसबीर सिंह ढुग्गल, कृष्ण धमीजा, जरनैल रंगा, विनोद शर्मा, जितेंद्र जीत सैनी, विनोद चौधरी, अशोक यादव, सेवा सिंह, सुखबीर सैनी, विकास राणा, मेवा सिंह, राजेंद्र वर्मा, तरूण वधवा, चंद्रमणि अत्री, नवोदित, अंग्रेज, दीपक शर्मा, राजेश शर्मा, रवि, अशोक कुमार, सुकरम पाल आदि मौजूद रहे।

पत्रकार लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ, जनहित के मुद्दों को सामने लाने में निभाते हैं अहम भूमिका : सैनी

लाडवा। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने बुधवार को लाडवा के एक निजी पैलेस में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित पत्रकार, छायाकार एवं उनके परिवारों को दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, छठ पूजा पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में त्योहार केवल व्यक्तिगत खुशियों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि ये समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने का माध्यम भी बनते हैं। दीपावली हमें अंधकार से प्रकाश, निराशा से आशा और असत्य से सत्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा देती है। ऐसे आयोजन आपसी संवाद, आत्मीयता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश ने अपने गठन के 60 गौरवशाली वर्ष पूरे किए हैं।



लगभग 800 करोड़ रुपये की लागत से 22 एकड़ में बना भव्य शहीद स्मारक

केंद्रीय गृहमंत्री 1857 के वीर बलिदानियों को समर्पित शहीद स्मारक का करेंगे लोकार्पण

700 से अधिक वीर बलिदानियों के नाम अंकित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि 5 नवंबर का दिन अंबाला सहित पूरे प्रदेश के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होगा। इस दिन केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री माननीय अमित शाह अंबाला छावनी में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के वीर बलिदानियों की स्मृति में निर्मित भव्य शहीद स्मारक का लोकार्पण करेंगे। उन्होंने कहा कि यह केवल एक स्मारक का उद्घाटन नहीं, बल्कि देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले उन ज्ञात-अज्ञात वीरों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता और श्रद्धांजलि व्यक्त करने का ऐतिहासिक अवसर है। इस दौरान प्रदेश मीडिया संपर्क प्रमुख प्रवीन आत्रेय, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक, मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा, जिला मीडिया प्रभारी साहिल कक्कड़ व अर्पित अग्रवाल भी उपस्थित रहे। गोयल ने कहा कि 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम भारतीय इतिहास का एक गौरवशाली और निर्णायक अध्याय है। अंबाला छावनी और आसपास के क्षेत्र ने अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दुर्भाग्यवश, आजादी के संघर्ष में अनेक ऐसे क्रांतिकारी और वीर सैनिक रहे, जिन्हें इतिहास में वह पहचान नहीं मिल सकी, जिसके वे वास्तविक अधिकारी थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की गौरवशाली विरासत को सहेजने और ज्ञात-अज्ञात राष्ट्रनायकों को उचित सम्मान देने का जो संकल्प लिया गया है। यह शहीद स्मारक उसी राष्ट्रवादी सोच और संवेदनशील दृष्टिकोण का सशक्त प्रतीक है। पूर्व मंत्री ने बताया कि लगभग 800 करोड़ रुपये की लागत से करीब 22 एकड़ क्षेत्र में निर्मित यह भव्य स्मारक प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहर के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाएगा। स्मारक में 1857 के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े 700 से अधिक वीर बलिदानियों के नाम स्वर्णिम अक्षरों में अंकित किए गए हैं। यह उन वीरों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है, जिनके त्याग, संघर्ष और बलिदान के कारण आज हम स्वतंत्र भारत में सम्मान और स्वाभिमान के साथ जीवन जी रहे हैं। असीम गोयल ने कहा कि इस स्मारक की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां आधुनिक तकनीक के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम की गाथा को जीवंत किया गया है। डिजिटल प्रस्तुतियों, 360 डिग्री प्रोजेक्शन, लेजर एवं साउंड शो सहित आधुनिक तकनीकी माध्यमों से देश की आजादी के संघर्ष को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे युवा पीढ़ी इतिहास को केवल पुस्तकों में पढ़ेगी ही नहीं, बल्कि उसे प्रत्यक्ष रूप से अनुभव भी कर सकेगी। यह स्मारक विद्यार्थियों, युवाओं, शोधकर्ताओं और इतिहास प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक एवं प्रेरणादायी केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, ऐतिहासिक स्थलों के संवर्धन और राष्ट्रनायकों के सम्मान को भी विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। शहीद स्मारक इसी दूरदर्शी सोच का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह स्मारक एक महत्वपूर्ण संदेश देता है कि राष्ट्र का इतिहास केवल कुछ प्रसिद्ध नामों तक सीमित नहीं है, बल्कि आजादी की लड़ाई में योगदान देने वाला प्रत्येक ज्ञात-अज्ञात वीर राष्ट्र के सम्मान और कृतज्ञता का अधिकारी है। पूर्व मंत्री ने बताया कि शहीद स्मारक के लोकार्पण के बाद केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह गांधी ग्राउंड में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके आगमन को लेकर पूरे प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजन में विशेष उत्साह है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन शहीदों के सम्मान के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति, सामाजिक एकजुटता और हरियाणा के गौरव का भी प्रतीक बनेगा।



अंबाला। मीडिया से बातचीत करते पूर्व मंत्री असीम गोयल। फोटो :हरिभूमि

अर्थव्यवस्था को भी मिलेगी नई गति

शहीद स्मारक भविष्य में अंबाला के पर्यटन विकास का एक प्रमुख केंद्र बनेगा। देशभर से विद्यार्थी, पर्यटक, शोधकर्ता और इतिहास प्रेमी यहां पहुंचेंगे, जिससे स्थानीय व्यापार, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलने की संभावना है। असीम गोयल ने प्रदेश के नागरिकों, युवाओं, विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और भाजपा कार्यकर्ताओं से 5 नवंबर के इस ऐतिहासिक आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अंबाला की धरती पर निर्मित यह शहीद स्मारक आने वाली पीढ़ियों को सदैव याद दिलाता रहेगा कि स्वतंत्रता हमें असंख्य वीरों के त्याग, संघर्ष और बलिदान से मिली है। जिस राष्ट्र को अपने वीरों के बलिदान और गौरवशाली इतिहास पर गर्व होता है, वही राष्ट्र अपने वर्तमान को मजबूत और भविष्य को और अधिक उज्ज्वल बनाता है।

पांडुरंग ने भी लिया जायजा

सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के आयुक्त एवं सचिव केएम पांडुरंग ने भी अंबाला छावनी स्थित शहीद स्मारक तथा गांधी ग्राउंड में रैली स्थल का दौरा किया। उन्होंने रैली के आयोजन से जुड़ी तैयारियों और विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि 5 नवंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम का संचालन सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित किया जा सके। पांडुरंग ने कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासन एवं संबंधित विभागों द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की गई हैं। रैली में आने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया है। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा कार्यक्रम के दौरान सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के बड़े आयोजनों में विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें, ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। उल्लेखनीय है कि ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज तथा सूचना, जनसंपर्क एवं



भाषा विभाग के आयुक्त एवं सचिव केएम पांडूरंग ने शहीद स्मारक और गांधी ग्राउंड का अलग-अलग दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर उपायुक्त सचिन गुप्ता, एसपी अजीत सिंह शेखावत, एसडीएम कनिका गोयल, शहीद स्मारक के निदेशक डॉ. कुलदीप सैनी, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम शिवजीत भारती, एडीपीआर मनीष लोहान के साथ-साथ अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।



अंबाला। तैयारियों का जायजा लेते मंत्री अनिल विज।

ऐतिहासिक होगी शाह की रैली बिजली मंत्री विज ने लिया जायजा

■ बोले-1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम भारतीय इतिहास का अत्यंत महत्वपूर्ण अध्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने छावनी स्थित शहीद स्मारक तथा गांधी ग्राउंड में 5 नवंबर को आयोजित होने वाली विशाल रैली के स्थल का दौरा कर तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि 5 नवंबर को अंबाला छावनी के गांधी ग्राउंड में होने वाली रैली ऐतिहासिक होगी। इस रैली को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह संबोधित करेंगे। उन्हें सुनने के लिए प्रदेश के कोने-कोने से हजारों की संख्या में लोग अंबाला छावनी पहुंचेंगे उन्होंने कहा कि 5 नवंबर का दिन अंबाला छावनी के लिए विशेष महत्व रखता है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का अंबाला आगमन क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। अमित शाह द्वारा अंबाला छावनी में बने शहीद स्मारक का उद्घाटन किया जाएगा और गांधी ग्राउंड में आयोजित रैली को संबोधित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस रैली में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि रैली के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इस भव्य स्मारक में 22 अलग-अलग गैलरी स्थापित की गई हैं। इन गैलरियों में वर्ष 1857 के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ी गई लड़ाइयों, क्रांतिकारियों के संघर्ष तथा स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को आधुनिक तकनीक के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया है। यहां आने वाले लोग उस ऐतिहासिक दौर की घटनाओं को करीब से देख और समझ सकेंगे। विज ने कहा कि 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम भारतीय इतिहास का अत्यंत महत्वपूर्ण अध्याय है।

रैली का हिस्सा बनें

अंबाला में स्थापित यह स्मारक उन वीर शहीदों के योगदान और बलिदान को सम्मान देने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों को स्वतंत्रता संग्राम के वास्तविक इतिहास से परिचित करवाने का काम करेगा। आधुनिक तकनीक के माध्यम से इतिहास को प्रस्तुत करने का यह प्रयास युवाओं के लिए विशेष रूप से प्रेरणादायक साबित होगा। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे 5 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में गांधी ग्राउंड, अंबाला छावनी पहुंचकर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के विचार सुनें और इस ऐतिहासिक रैली का हिस्सा बनें।

महंत से अभद्रता करने के आरोपी कोर्ट के आदेश पर कारावास भेजे

■ हाथीखाना मंदिर के साधु संतों ने एक दर्जन से ज्यादा लोगों पर लगाया था अभद्रता करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

प्राचीन कैलाश मंदिर (हाथी खाना मंदिर) में साधु-संतों के साथ अभद्रता, सोशल मीडिया पर भ्रामक वीडियो डालने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। गौ रक्षा दल, विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं के विरोध के बाद पुलिस ने नामजद पशु प्रेमी (डॉग लवर) वंशिका सहित 15 से अधिक लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इनमें से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया है। पुलिस मुख्य आरोपी सहित अन्य की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। शिकायतकर्ता महंत मनमोहन दास मोनी और हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों की ओर से दी गई शिकायत के अनुसार, घटना 30 अक्तूबर की रात 9:30 बजे की है। आरोप है कि वंशिका लांबा अपने साथी मोहित व एक अन्य युवक के साथ बिना किसी अनुमति के मंदिर परिसर स्थित महंत के कक्ष में घुस आई।

घटना से श्रद्धालुओं में भय

शिकायत में बताया गया कि वहीं, 2 नवंबर की रात 7:30 बजे आरोपी महिला वंशिका लांबा, अपने पति गौरव लांबा, मोहित मित्तल और 10 से 15 अन्य युवकों के साथ दोबारा मंदिर परिसर में पहुंची। आरोपियों ने वहां मौजूद श्रद्धालुओं और साधुओं के साथ झगड़ा किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपियों ने मंदिर परिसर में धमकी दी कि जो भी इस वीडियो को देखेगा या विरोध करेगा, उसे गोली मार देंगे। इस घटना से श्रद्धालुओं में भय फैल गया। कुछ दिन पहले हाथी खाना मंदिर के पास से पिल्लों को दूसरी जगह भेजने पर वंशिका लांबा भड़क गई थीं।

लोक अदालत में तीन में से एक मामले का निपटारा किया

अंबाला। सीजेएम गीतांजली गोयल ने केंद्रीय कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया। इस जेल लोक अदालत में 3 मुकदमें रखे गए थे। नियमानुसार 1 का निपटारा किया गया। सीजेएम ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायधिश के मार्गदर्शन मे प्रतिमाह जेल लोक अदालत का आयोजन पहले व तीसरे बुधवार को किया जाता है। इसके अलावा वैवाहिक, परिवारिक विवाद, आपराधिक मामले, भूमि अधिग्रहण, श्रम विवाद, बैंक रिकवरी मामले संबंधित प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमें स्थायी लोक अदालत में लगाकार निपटाए जा सकते हैं।

सेवा ट्रस्ट ने दिया मानवता का संदेश

स्व. रोहन की पुण्यतिथि पर 42 लोगों ने स्वेच्छा से किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) की ओर से स्वर्गीय रोहन मित्तल की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर सेवा धाम आश्रम साहा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 42 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता और सामाजिक सेवा का संदेश दिया। शिविर की अध्यक्षता ट्रस्ट के चेयरमैन नरेश मित्तल ने की, जबकि नगर पालिका बराड़ा के प्रधान रजत मलिक ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रजत मलिक ने स्वर्गीय रोहन मित्तल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देने के साथ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और किसी जरूरतमंद को समय पर रक्त उपलब्ध करवाकर उसकी जान बचाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। उन्होंने कहा कि सेवा ट्रस्ट द्वारा नियमित रूप से रक्तदान शिविर आयोजित करना सराहनीय पहल है। ऐसे आयोजन समाज में सेवा, सहयोग और परोपकार की भावना को मजबूत करते हैं।



बराड़ा। रक्तदान शिविर में रक्तदान करते हुए रक्तदानी।

ये रहे मौजूद

रिपल चौहान, अशोक कुमार, विपन छतवाल, महिंद्र सैनी पूंडरी, नवीन मंगल पूंडरी, आरएस वालिया, विवेक शर्मा, वागीश शर्मा, महेश वासन, राकेश वोहरा, बलजिंदर कुमार, आदित्य जैन, पवन पराशर, ललित राजपूत, रविंद्र शर्मा, दिलीप मेहता, लेखराज छाबड़ा, दिनेश शर्मा, देविंद्र धीमान, राजपाल धीमान और ऋषिपाल धीमान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



जींद। साइबर क्राइम को लेकर जागरूक करते साइबर टीम। फोटो :हरिभूमि

युवक को चपेट में लेने वाला ट्रैवलर सीसीटीवी कैमरे में कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला कैंट में टांगरी बांध के पास बाइक सवार युवक को टक्कर मारकर फरार हुए ट्रैवलर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। हादसे का 4 मिनट 7 सेकेंड का वीडियो सामने आया है। जिसमें एक तेज रफ्तार ट्रैवलर बाइक को टक्कर मारने के बाद करीब 25 मीटर तक घसीटता हुआ ले जाता दिखाई दे रहा है। टक्कर के बाद बाइक से चिंगारियां निकलती हैं, लेकिन ट्रैवलर ड्राइवर रुकने के बजाय मौके से फरार हो जाता है। हादसे में जान गंवाने वाले युवक की पहचान 32 वर्षीय मोहित निवासी महेश नगर क्षेत्र की शिव कॉलोनी, खोजकीपुर के रूप में हुई। हादसे का 4 मिनट 7 सेकेंड का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। इसमें सड़क पर रोज की तरह वाहनों की आवाजाही दिखाई दे रही है।

पुलिस को दी शिकायत

हादसे की सूचना मिलने के करीब एक मिनट के अंदर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच जाती है। पुलिसकर्मी घायल युवक को संभालते हैं और उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी करते हैं। डायल 112 की टीम के मौके पर पहुंचने के करीब 1 मिनट 30 सेकेंड बाद घायल युवक को अपनी गाड़ी में बैठाकर सिविल अस्पताल अंबाला कैंट के लिए रवाना हो जाती है। मृतक के भाई राहुल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका छोटा भाई मोहित पीवीसी का काम करता था। मंगलवार रात करीब 1:30 बजे वह अपनी बाइक पर घर से निकला था। जब वह टांगरी बांध के पास साकेत अस्पताल के सामने पहुंचा तो तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

बाल सुरक्षा-नशा मुक्ति के प्रति किया जागरूक

अंबाला। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सेसिल कॉन्वेंट जूनियर स्कूल में पोक्सो एक्ट और नशा दुरुपयोग विषय पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं और स्टाफ को बाल सुरक्षा और नशा मुक्ति के कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीजेएम गीतांजलि गोयल उपस्थित रहीं। उनके साथ पैनल अधिवक्ता सारू जस्सी ने मुख्य वक्ता के रूप में सत्र को संबोधित किया।

लाडवा में कमरे में मिला युवक का शव, मंगलवार से था लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭ लाडवा

लाडवा में भड़ासपुर रोड पर सड़क किनारे बने एक कमरे में बुधवार दोपहर 23 वर्षीय युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। राहगीरों ने कमरे के अंदर शव पड़ा देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मृतक की पहचान वार्ड नंबर-5 के विकास नगर निवासी मोहिल कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मोहिल कुमार अपने पिता तरसेम कुमार के साथ कश्यप चौक के पास स्थित उनकी सुनार की दुकान पर बैठता था। वह मंगलवार से लापता था। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे और उसके लापता होने की सूचना पुलिस को भी दी गई थी। बुधवार को भड़ासपुर रोड पर शव मिलने की सूचना मिली तो परिजन मौके पर पहुंचे और उसकी पहचान की। प्रारंभिक जांच में युवक की नाक और सिर के पिछले हिस्से से खून निकलने के निशान मिले हैं। उसका शव सड़क किनारे बने कमरे के अंदर पड़ा था।

राजकीय कॉलेज में किया साइबर सिक्योरिटी को लेकर जागरूक

■ सीवी लेखन एवं साक्षात्कार कौशल पर विस्तार व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा साइबर अपराध के प्रति जागरूकता अभियान का आयोजन प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में किया गया। प्राचार्य ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहना भी अत्यंत आवश्यक है और विद्यार्थियों को तकनीक का उपयोग सावधानी से करना चाहिए। साइबर अपराध के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से साइबर सिक्योरिटी सेल से पीएसआई संदीप टीम के साथ आए। छात्रों को साइबर अपराध के विभिन्न प्रकारों तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। बताया कि किसी अनजान के साथ निजी जानकारी, बैंक संबंधी विवरण या ओटीपी साझा नहीं करना चाहिए। छात्रों को इंटरनेट का सावधानीपूर्वक उपयोग करने व साइबर अपराध के शिकार पर संबंधित अधिकारियों को सूचित करने के लिए प्रेरित किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

स्कूलों में 7 को 'एक दीप विद्यालय के नाम' कार्यक्रम होगा

दीपावली पर्व पर जगमग होंगे सभी राजकीय स्कूल

■ दीपावली प्रकाश, खुशियों और सकारात्मकता का त्योहार

रहमदीन ⏭ बराड़ा

इस दीपावली पर प्रदेश के सभी सरकारी स्कूल दीपों की रोशनी से जगमगाएंगे। दीपावली की पूर्व संध्या पर प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में "एक दीप विद्यालय के नाम" कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर कार्यक्रम को आयोजित करवाने के निर्देश दिए हैं। इस कार्यक्रम के तहत 7 नवंबर 2026 को शाम 5 बजे विद्यार्थी अपने अभिभावकों, शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्यों के साथ विद्यालय में पहुंचेंगे और वहां एक दीप जलाकर विद्यालय के प्रति अपना सम्मान और आभार व्यक्त करेंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और अभिभावकों में विद्यालय के प्रति अपनापन, सम्मान और जुड़ाव की भावना को मजबूत करना है। दीपावली प्रकाश, खुशियों और सकारात्मकता का त्योहार है। इस दिन लोग अपने घरों और मंदिरों में दीप जलाकर खुशियां मनाते हैं। दीपक अंधकार को दूर करने के साथ ज्ञान, आशा और नई ऊर्जा का प्रतीक भी माना जाता है। इसी भावना को विद्यालयों से जोड़ते हुए विभाग ने 'एक दीप विद्यालय के नाम' पहल शुरू की है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया जाएगा कि विद्यालय केवल शिक्षा प्राप्त करने का स्थान नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार और उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने वाला केंद्र भी है।

सुरक्षित स्थान पर जलाए जाएंगे दीप

विभाग की ओर से जारी पत्र में सभी स्कूल मुखियाओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे विद्यालय परिसर में दीप जलाने के लिए सुरक्षित और उपयुक्त स्थान का चयन करें। स्कूलों को विद्यार्थियों और अभिभावकों को कार्यक्रम के उद्देश्य से अवगत करवाते हुए उन्हें 7 नवंबर को शाम 5 बजे विद्यालय पहुंचने के लिए प्रेरित किया जाएगा। पत्र में कहा गया है कि इस मौके पर दीपक और मोमबत्तियां जलाने के दौरान आग से बचाव और सुरक्षा के सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाए। विभाग का मानना है कि जिस प्रकार परिवार दीपावली पर अपने घर को दीपों से रोशन करते हैं उसी प्रकार विद्यार्थी भी अपने विद्यालय में दीप जलाकर उसके प्रति सम्मान और आभार प्रकट करें।

निर्देश जारी

इस संबंध में विभाग की ओर से जारी पत्र प्राप्त हो चुका है। एक दीप विद्यालय के नाम' कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिले के सभी विद्यालय मुखियाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों के साथ साथ अन्य सभी सबंधित हितधारको को भी शामिल होने को कहा गया है।
-सुधीर कालड़ा, जिला शिक्षा अधिकारी, अंबाला